**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**प्रधानमंत्री –जीएसटी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में घोषित अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि दीवाली और छठ पूजा सहित विभिन्न त्यौहारों को देखते हुए दैनिक उपयोग की अधिकांश चीजों पर जीएसटी दरें कम की गई हैं। महिलाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जीएसटी में कटौती से रसोई के खर्चों में कमी आएगी। घी और विभिन्न खाद्य पदार्थ और टूथपेस्ट, साबुन और शैंपू जैसी चीजें सस्ती हो जाएंगी। त्यौहारों में नए कपड़े और जूते खरीदना भी आसान हो जाएगा, क्योंकि इनके भी दाम कम होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब कोई सरकार सही अर्थों में गरीबों की चिंता करती है तो ऐसे ही प्रभावी उपाय लागू किए जाते हैं।

**अदालत**

बहुचर्चित विमल नेगी मौत के मामले में गिरफ्तार किए गए ए.एस.आई. पंकज शर्मा को एक दिन के रिमांड के बाद आज 3 बजे फिर से सी.बी.आई. कोर्ट में पेश किया जाएगा। पंकज शर्मा पर विमल नेगी मौत मामले में सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप है।

**स्वच्छता सेवा अभियान**

इस बीच स्वच्छता ही सेवा अभियान कल से शुरू होने जा रहा है। नई दिल्ली में कल केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की कि इस वर्ष यह अभियान स्वच्छता उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान, देश भर में बड़े पैमाने पर स्वच्छता गतिविधियाँ चलाई जाएँगी।

**आयकर रिटर्न**

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आकलन वर्ष 2025–26 के लिए आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब रिटर्न आज रात 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। आयकर विभाग ने कल देर रात सोशल मीडिया पोस्टज में यह जानकारी दी। आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि मूल रूप से 31 जुलाई थी, जिसे बढ़ाकर 15 सितम्बर किया गया था। आयकर विभाग ने बताया था आकलन वर्ष 2025–26 के लिए सात करोड़ से अधिक रिटर्न भरे जा चुके हैं।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों कांगड़ा, मंडी, चंबा, कुल्लू व शिमला सहित अन्य क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश का समाचार है। राज्य में जगह–जगह भू–स्खलन और पेड़ गिरने से कई सड़क मार्ग अवरूद्ध हैं वहीं करोड़ो रूपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। मंडी जिले के धर्मपुर क्षेत्र में देर रात भारी बारिश और बादल फटने की घटना ने भयंकर तबाही मचाई। अधिक जानकारी के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता...

डिस्पेच...मुनीष 30 सैकेंड

*मंडी जिले के धर्मपुर क्षेत्र में देर रात भारी बारिश और बादल फटने की घटना ने भयंकर तबाही मचा दी। सोन नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से धर्मपुर बस अड्डा और बाजार पूरी तरह जलमग्न हो गए। तेज बहाव में एचआरटीसी (भ्ज्ब्) की*

*कई बसें बह गईं, जबकि आसपास की कई दुकानें भी बाढ़ की चपेट में आकर तबाह हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नदी का बहाव इतना तेज था कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। देखते ही देखते पूरा इलाका पानी में डूब गया। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। वहीं, आधा दर्जन से अधिक लोगों के लापता होने की भी आशंका जताई जा रही है।*

राज्य परिचालन केंद्र के ताजा रिपोर्ट के अनुसार इस मॉनसून सीज़न के दौरान भूस्खलन के चलते 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 6 सौ 50 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। जबकि 1 हजार 205 बिजली ट्रासफार्मर और 160 पेयजल योजनाएं बाधित हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। जबकि अन्य ज़िलों में कहीं–कहीं हल्की वर्षा की संभावना जताई गई है।

इस बीच धर्मपुर के निहरी तहसील में भू स्खलन की चपेट में आने से 3 लोगों की मृत्यु होने का समाचार जिसमें 2 महिलाएं व एक आठ माह का बच्चा शामिल है। दो व्यक्तियों को मलबे से सुरक्षित निकाल लिया गया है जबकि 2 अन्य लोग अभी भी लापता हैं। प्रशासन द्वारा राहत व बचाव कार्य जारी है।

डेस्क/मनीष/मंडी

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर 3 बजे। नमस्कार......

————————————